लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P.)INDIA

संख्या ...........................................
दिनांक...........................................

सेवा में,

1. समस्त कार्य परिषद् के माननीय सदस्यगण
2. समस्त विद्या परिषद् के माननीय सदस्यगण
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक

लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

**विषयः–दिनाक 10 सितम्बर, 2025 को आयोजित 68वें दीक्षान्त समारोह के आमंत्रण एवं परिधान के पूर्वाभ्यास के संबंध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपर्युक्त विषय में आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि लखनऊ विश्वविद्यालय का 68वॉ दीक्षान्त समारोह दिनांक 10 सितम्बर, 2025 को पूर्वान्ह् 09:30 बजे से कला संकाय परिसर में माननीया श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश/कुलाधिपति महोदया, लखनऊ विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर डॉ0 शेखर सी. माण्डे, प्रतिष्ठित प्रोफेसर, जैव सूचना विज्ञान केन्द्र एस.पी.यू. एवं पूर्व महानिदेशक, सी.एस.आई.आर. मुख्य अतिथि तथा श्री योगेन्द्र उपाध्याय, मा0 कैबिनेट मंत्री, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार अति विशिष्ट अतिथि एवं श्रीमती रजनी तिवारी, मा0 राज्यमंत्री उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार विशिष्ट अतिथि होंगे। मा0 कुलाधिपति महोदया, समस्त अतिथिगण, कुलपति महोदया, कार्य परिषद् के समस्त सम्मानित सदस्यगण व विद्यापरिषद् के समस्त् सम्मानित सदस्यगण एवं सभी संकायों के सम्मानित संकायाध्यक्ष शैक्षणिक शोभा यात्रा के सहभागी होंगे।

उक्त के कम में आपसे सादर अनुरोध है कि शैक्षणिक शोभा यात्रा के लिए उत्तरीय/अंगवस्त्र दिनांक 08 एवं 09 सितम्बर, 2025 को पूर्वान्ह् 10.00 से अपरान्ह् 4.00 बजे तक कला संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित कक्ष संख्या A-160 (निकट कुलानुशासक कार्यालय) से प्राप्त करने की कृपा करें। शैक्षणिक परिधान को दीक्षान्त समारोह के समाप्त होने के पश्चात संदर्भित कक्ष में ही वापस कराये जाने का कष्ट करें।

अग्रेत्तर यह भी सादर अनुरोध है कि दिनांक 08.09.2025 को पूर्वान्ह् 10.00 बजे विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास में भी सम्मिलित होने का कष्ट करें। दिनांक 10.09.2025 को प्रातः 9.00 बजे तक कृपया दीक्षान्त समारोह स्थल पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

शैक्षणिक यात्रा का कम निम्नवत् रहेगा :–

**कुलसचिव**
**सभा के सदस्य**
**विद्या परिषद् के सदस्य**
**कार्य परिषद् के सदस्य**
**कुलपति**
**विशिष्ट अतिथि**
**अति–विशिष्ट अतिथि**
**मुख्य अतिथि**
**कुलाधिपति**

- दीक्षान्त समारोह समाप्त होने के पश्चात शैक्षणिक यात्रा का परिधान कक्ष की ओर प्रस्थान (आगमन कम के विपरीत) होगा।
- दिनांक 08.09.2025 को दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास के दौरान संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक आवश्यकतानुसार कक्षाएं संचालित करने का निर्णय अपने स्तर से लेंगे।
- दिनांक 10.09.2025 को दीक्षान्त समारोह के अवसर पर विश्वविद्यालय में सभी कक्षाएं स्थगित रहेगी।

भवदीया,

**(डॉ0 भावना मिश्रा)**
**कुलसचिव**

University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव
100 Years 1920-2020

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007 (उ.प्र.) भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P.)INDIA

संख्या ....................
दिनांक....................

संख्या R/888/2025 दिनांक 04.9.2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—**

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. कुलानुशासक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. मुख्य अभिरक्षक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7. समस्त अभिरक्षक/अभिरक्षिका, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
8. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
9. ओ0एस0डी0, आई0 एम0एस0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
10. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
11. समस्त कार्यालय अधीक्षक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
12. इंचार्ज वेबासाइट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर प्रदर्शित करने एवं समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करें।

Nirmala

कुलसचिव